# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 27 /भण्डार/2018

भोपाल, दिनांकः 01-05-2018

## पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु द्वितीय ई–निविदा वर्ष 2018

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रशासकीय विभाग/शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग हेतु **"पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा – वर्ष 2018"** आन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्तें, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट https://www.mpeproc.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000=00 मात्र हैं तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 10,000=00 मात्र हैं। इन्हे आन–लाईन जमा किया जाना हैं।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 4,00,000=00 हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 01-05-2018 | 14-30 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 14-5-2018 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14-5-2018 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 15-5-2018 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 15-5-2018 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 31-5-2018 | 15-30 |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। जिन फर्मो द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम ई–निविदा क्रमांकः 16/भण्डार/2018 भोपाल, दिनांकः 14–03–2018 में भाग लिया था, उन्हें पुनः निविदा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही हैं।

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु द्वितीय ई–निविदा – वर्ष 2018

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रशासकीय/शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग में आने वाले पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की निविदा को वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in पर आन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 4,00,000=00 हैं।

1.4 निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 01-05-2018 | 14-30 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 14-5-2018 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14-5-2018 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 15-5-2018 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 15-5-2018 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 21-5-2018 | 15-30 |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि नही खोली जा सकती तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3–30 पर खोली जाएगी।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 (रूपये एक हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि रूपये 10,000=00 (रूपये दस हजार मात्र) हैं। इन्हे आन लाइन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

**प्रक्रिया–2 :** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किए जाने हैं।

**प्रक्रिया–3 :** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को आन–लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

Section ... Barkatullah University, Bhopal

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता द्वारा पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) में मान्यता प्राप्त संस्था को पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) में न्यूनतम 25 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। **फर्म के टर्न ओव्हर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/ बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।**

2.3 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (संलग्न प्रारूप अनुसार)

2.4 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

2.5 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:-
(क) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) PAN CARD की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.6 पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षों (2017–18, 2016–17, 2015–16) इनकम टैक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे।

2.8 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 वापसी योग्य नहीं हैं।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को राजसात किया जा सकेगा।

3.2 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.3 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है।

3.5 कार्य सन्तोषजनक न होने या सफल निविदाकार द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकार का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली सफल निविदाकार से की जावेगी। ऐसी परिस्थति में भुगतान से कटौति का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.6 सफल निविदाकार द्वारा प्रदाय पानी की जांच आवश्यक होने पर, निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा करवाई जावेगी। इसका व्यय सफल निविदाकार के देयक से काटा जाएगा।

3.7 सफल निविदाकार को पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर अधिकृत डीलर/स्टाकिस्ट से क्रय कर विश्वविद्यालय को प्रदान करना होगा। वह किस ब्राण्ड का पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय कर रहा है। इस बावत उसे एक प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा।

3.8 विश्वविद्यालय को प्रदाय पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बॉटल या जार पर उत्पाद की दिनांक एवं उत्पाद के खत्म होने की दिनांक अंकित होना चाहिए। उत्पाद की खत्म होने की दिनांक से एक माह पूर्व की दिनांक को पानी प्रदाय होना चाहिए।

3.9 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर गुणवत्ता युक्त प्रदाय न करने पर प्रस्तुत बिल का 2% से 5% कटौति की जाएगी। (दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.10 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय द्वारा बताए गए स्थान पर होगी।

3.11 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.12 विश्वविद्यालय की मांग अनुसार सफल निविदाकार को सामान्य तापक्रम अथवा ठण्डी बाटल/जार प्रदाय करना होगा। वित्तीय निविदा में इसकी दरें पृथक–पृथक प्रस्तुत करें।

3.13 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.14 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.15 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.16 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.17 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.18 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.19 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.20 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

## भाग – 4
## पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का स्पेसिफिकेशन एवं मात्रा

4.1 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का स्पेसिफिकेशन निम्नानुसार है:–
पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर आई.एस.आई. मार्क एवं भारतीय मानक ब्यूरों के मानदण्ड IS-14543 का अनुपालन करते हो।

4.2 सफल निविदाकार द्वारा निम्नलिखित मापदण्डों के अनुरूप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय किया जाएगा।

| S.NO. | TEST NAME | LIMIT OF VARIATIONS |
|---|---|---|
| 01 | Turbidity. | Max. 2 |
| 02 | Colour. | Max. 2 |
| 03 | Odour. | Agreeable |
| 04 | Taste. | Agreeable |
| 05 | pH | 6.5 to 8.5 |
| 06 | Nitrate. | 45 ppm Max. |
| 07 | Alkalinity | 200 ppm Max |
| 08 | Megnesium | 30 ppm Max. |
| 09 | Total Coliform Bacteria | Absent |

4.3 सफल निविदाकार द्वारा निम्नलिखित मापदण्डों के अनुरूप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय किया जाएगा। बॉटल / जार में भरे पानी की मात्रा निम्नानुसार होना चाहिए:–

(A) पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ग्लास
(B) 200 एम.एल. बॉटल
(C) 500 एम.एल. बॉटल
(D) 01 लीटर बॉटल
(E) 02 लीटर बॉटल
(F) 05 लीटर बॉटल
(G) 20 लीटर जार (रिफिल)

4.4 बॉटल एवं जार भी भारतीय मानक ब्यूरों के अनुरूप होना चाहिए।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।**

| स0 क्र0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000=00 आन लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 10,000=00 आन लाईन जमा की रसीद |
| 03 | निविदाकर्ता द्वारा पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) में मान्यता प्राप्त संस्था को पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। |
| 04 | पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) में न्यूनतम 25 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। **फर्म के टर्न ओव्हर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/ बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।** |
| 05 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (संलग्न प्रारूप अनुसार) |
| 06 | जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 07 | PAN CARD की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 08 | रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 09 | फर्म का ई.पी.एफ. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षो (2017–18, 2016–17, 2015–16) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे। |
| 11 | निविदा प्रपत्र ए–1 संलग्न करें। |

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

# प्रपत्र ए–1
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा वर्ष 2018 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| स0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |
| 06 | ई–मेल एड्रेस | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4" में दर्शित शर्तो के अनुसार "पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा वर्ष–2018" का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

**शपथ पत्र**
रू. 1000/– के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं———————————————द्वारा प्रोपराईटर/फर्म मेसर्स———————————
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था /अशासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि निविदाकार को पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय सम्बन्धी किसी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा कभी भी दण्डित नहीं किया गया हैं।

(3) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

(4) यह कि हमारी फर्म विश्वसनीय पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के डीलर/स्टाकिस्ट/निर्माता से पानी क्रय कर विश्वविद्यालय को प्रदान करेगी जो IS-14543 के मानदण्डों का पूरा करती हो।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र ए–2

(वित्तीय निविदा)

| निविदाकर्ता निर्माता का नाम | |
|---|---|

| सं.क्रं | सामग्री का विवरण | दर प्रति बॉटल / जार अंको में (सामान्य तापक्रम पर) | दर प्रति बॉटल / जार अंको में (ठण्डी बाटल/जार) |
|---|---|---|---|
| 1 | पैकेज्ड ड्रिंकिंग बॉटल गिलास | | |
| 2 | 200 एम.एल. बॉटल | | |
| 3 | 500 एम.एल. बॉटल | | |
| 4 | 01 लीटर बॉटल | | |
| 5 | 02 लीटर बॉटल | | |
| 6 | 05 लीटर बॉटल | | |
| 7 | 20 लीटर जार (रिफिल) | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दर | |
| 2 | कर का नाम एवं दर | |
| 3 | कर का नाम एवं दर | |